# केन्द्रीय परीक्षा समिति।

## राजस्व पर्षद, बिहार।

सं.सं.– 2 / परी0–01(राज0)–10 / 2016– 2018

**प्रेषक,**

**राजेश कुमार, भा.प्र.से.**
**सचिव,**
**राजस्व पर्षद, बिहार, पटना।**

**सेवा में,**

**ई–मेल**

**महानिदेशक, बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान, (बिपार्ड) बाल्मी, पटना।**
**सभी प्रधान सचिव / सचिव, बिहार।**
**सभी विभागाध्यक्ष, बिहार।**
**सभी प्रमंडलीय आयुक्त, बिहार।**
**सभी जिला पदाधिकारी, बिहार।**

**पटना, दिनांक** 08.12.2016

**विषयः– राजपत्रित पदाधिकारियों की प्रथम / द्वितीय–2014 एवं प्रथम / द्वितीय अर्द्धवार्षिक विभागीय परीक्षा, 2015 के हिन्दी मौखिक परीक्षा आयोजन के संबंध में।**

**महाशय,**

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि राजपत्रित पदाधिकारियों की प्रथम / द्वितीय–2014 एवं प्रथम / द्वितीय अर्द्धवार्षिक विभागीय परीक्षा, 2015 के हिन्दी मौखिक परीक्षा का आयोजन दिनांक 14.12.2016 से 20.12.2016 तक निर्धारित है। उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए संबंधित पदाधिकारी (परीक्षार्थी) को परीक्षा की निर्धारित तिथि की सूचना दैनिक समाचार पत्रों के माध्यम से तथा राजस्व पर्षद बिहार के बेबसाईट http://boardofrevenue. bih. nic. in पर दी जा रही है।

संबंधित परीक्षा के लिए राजकीय कन्या उच्च विद्यालय शास्त्री नगर तथा राजस्व पर्षद, बिहार, पटना, पुराना सचिवालय पटना केन्द्र निर्धारित किया गया है। उक्त परीक्षा हेतु निर्धारित तिथि को निर्धारित केन्द्र पर अपना प्रवेश पत्र के साथ पदाधिकारी (परीक्षार्थी) उपस्थित होकर परीक्षा देंगे। मौखिक परीक्षा हेतु कार्यक्रम सूचना की प्रति संलग्न है।

अतः अनुरोध है कि अपने अधीनस्थ पदाधिकारियों को उक्त सूचना से अवगत कराने की कृपा करेंगे।

**अनु0ः–यथोक्त।**

विश्वासभाजन
Rajesh
08/12/2016
**सचिव**
**राजस्व पर्षद, बिहार, पटना।**

# केन्द्रीय परीक्षा समिति

# राजस्व पर्षद, बिहार, पटना

**विभागीय हिन्दी (राजपत्रित पदाधिकारियों) की हिन्दी विषय की मौखिक परीक्षा हेतु सूचना।**

राजपत्रित पदाधिकारियों की विभागीय परीक्षा के अन्तर्गत दिनांक 25.11.2016 को सम्पन्न हिन्दी विषय की लिखित परीक्षा में सम्मिलित परीक्षार्थियों को सूचित किया जाता है कि हिन्दी विषय की मौखिक परीक्षा दिनांक– 14.12.2016 से 20.12.2016 तक निम्नांकित परीक्षा केन्द्रों पर दो पालियों में आयोजित की जायेगी।

1– राजकीय कन्या उच्च विद्यालय, शास्त्रीनगर, पटना।

2– राजस्व पर्षद कार्यालय, मुख्य सचिवालय, पटना।

उक्त मौखिक परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों को परीक्षा रौल नं0–वार मौखिक परीक्षा केन्द्र, तिथि एवं पाली की सूचना दिनांक–10.12.2016 तक राजस्व पर्षद के वेबसाईट www.boardofrevenue.bih.nic.in पर प्रकाशित की जायेगी। प्रथम पाली 10.30 बजे पूर्वाह्न से 01.30 बजे अपराह्न तक एवं द्वितीय पाली 03.00 बजे अपराह्न से 06.00 बजे अपराह्न तक आयोजित की जायेगी। तदनुसार सभी परीक्षार्थी अपने Admit Card के साथ निर्धारित समय पर परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

निर्धारित तिथि एवं पाली में मौखिक परीक्षा में उपस्थित नहीं होने वाले परीक्षार्थियों को अनुपस्थित मानते हुए उन्हें अन्य कोई मौका नहीं दिया जायेगा।

Rajak.
07/12/2016
सचिव
**राजस्व पर्षद, बिहार, पटना।**